





# अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 नवंबर।** अग्रवाल संघ

**टीआर पुरम स्थित अग्रवाल सेवा सदन में हुआ आयोजन**

मुरैना एवं अग्रवाल महासभा के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 9 नवंबर को हुआ। सम्मेलन टीआर पुरम स्थित अग्रवाल सेवा सदन में हुआ। महाराज अग्रसेन और कुलदेवी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ।

इस मौके पर अग्रवाल संघ के अध्यक्ष मुन्नालाल अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष मोहन बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अग्रवाल महासभा के पूर्व अध्यक्ष राकेश गर्ग विशेष अतिथि थे, अध्यक्षता अग्रवाल संघ के संरक्षक महेशचन्द अग्रवाल ने की। संचालन राधेलाल ने किया। इस अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शशि अग्रवाल, अग्रवाल संघ महिला मंडल की संरक्षक श्रीमती संध्या गर्ग मंच पर उपस्थित रहीं। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय का क्रम अत्यंत गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। युवतियों का परिचय महिला मंडल की ओर से कराया गया, जबकि कुछ अभिभावकों ने भी मंच से अपने पुत्र-पुत्रियों का संक्षिप्त परिचय दिया। सम्मेलन में मोहनलाल गर्ग, गोपालदास गुप्ता, शिवकुमार गर्ग, ग्वालियर से मुकेश अग्रवाल, गिर्राज अग्रवाल, अजय जैन, शिवकुमार मित्तल, महेश बंसल वीरपुर, रामपुरकलां अध्यक्ष महावीर प्रसाद गुप्ता, अंम्बाह से राधाकृष्ण अग्रवाल, राजेश मित्तल, अशोक अग्रवाल, अशोक मंगल आदि उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन अग्रवाल संघ के महामंत्री रविकांत गोयल द्वारा किया गया।

# न्यायोत्सव : विधिक जागरुकता का संदेश देने हुई मैराथन दौड़

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 नवंबर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना के

**प्रथम जिला न्यायाधीश अनुज कुमार ने दिखाई हरीझंडी**

मार्गदर्शन में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 9 नवंबर से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 9 नवंबर को मैराथन दौड़ के साथ न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। मैराथन दौड़ को प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

मैराथन दौड़ में शामिल धावकों ने शहर के नागरिकों को विधिक जागरुकता का संदेश दिया। मैराथन दौड़ जिला न्यायालय परिसर से प्रारंभ हुई। जिसके बाद धावक शहर के मुख्य मार्गों से होकर अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पहुंचें। जहां दौड़ का समापन हुआ। मैराथन दौड़ में जिला मुख्यालय के न्यायाधीशगण, पैनल लॉयर, एलएडीसीएस, पैरालीगल वॉलेंटियर्स, जिला न्यायालय मुरैना के कर्मचारी तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। आयोजन में पुलिस विभाग का भी सहयोग रहा।



# सेंध लगाकर किराना स्टोर से 30 हजार का माल चोरी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 9 नवंबर।** कस्बा जौरा में पगारा तिराहे पर स्थित सौरभ किराना स्टोर की दुकान में सेंध लगाकर अज्ञात चोर पांच हजार

**कस्बा जौरा में शनिवार की देर रात हुई वारदात**

नकदी समेत करीब 30 हजार रूपये का माल चुराकर ले गए।

जानकारी के अनुसार सौरभ सविता की पगारा तिराहे पर सौरभ किराना स्टोर के नाम से दुकान है। शनिवार की शाम को सौरभ दुकान को बंद कर घर चला गया था। रविवार तड़के मॉर्निंग वॉक पर निकले सौरभ के परिजन जब दुकान के नजदीक पहुंचें तब उन्हें दुकान में चोरी होने का पता चला। बदमाशों ने दुकान के शटर को रस्सी के सहारे बांध दिया था। जिससे घर के अंदर रहने वाले लोग बाहर न आ सकें। सौरभ के अनुसार बदमाश दुकान में रखे सिगरेट, बीड़ी के बंडलों के साथ करीब 25 हजार रूपये का सामान और पांच हजार रूपये नकदी चुराकर ले गए है। सौरभ की रिपोर्ट पर जौरा पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**जौराखुर्द में जुआ खेल रहे 5 पकड़े, 57 हजार नकदी जब्त :** मुरैना, 9 नवंबर। सिविल लाईन थाना पुलिस ने रविवार को जौराखुर्द में नरूआ के पास गोदाम रोड पर ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगा रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया। जिनमें सुभाष सिंह, बबलू गुर्जर, रिंकू राठौर, दिनेश जैन, राजू राठौर निवासी मुरैना शामिल है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने नकदी 57 हजार पांच सौ रूपये नकदी जब्त कर जुआ एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# शारीरिक विकास के लिए खेलों का विशेष महत्व : उपाध्याय

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 9 नवंबर।** पंचायत एवं ग्रामीण संस्थाओं द्वारा स्वयं के संसाधन से खेल प्रतियोगिताओं

**मुदावली गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट में पहुंचे जौरा विधायक ने कहा**

का आयोजन न केवल सराहनीय है। अपितु युवाओं के बौद्धिक विकास के नए दरवाजे खोलता है। खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन से युवा जहां अनुशासित होते हैं वहीं उनका समुचित शारीरिक विकास भी होता है।



यह विचार जौरा विधायक पंकज उपाध्याय ने व्यक्त किए। श्री उपाध्याय, रविवार को जौरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मुदावली में आयोजित क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। श्री उपाध्याय ने कहा कि खेल युवाओं को जहां अनुशासित जीवन की राह प्रशस्त करता है, वहीं उनके स्वास्थ्य शारीरिक एवं बौद्धिक विकास में भी खेलों की महती भूमिका निभाते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत मुदावली में खेलप्रेमियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के आठवें दिन रविवार को जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, गजेंद्र सिंह सिकरवार, कमलेश दुबे, वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शुक्ला पहुंचें थे। अतिथियों ने रॉयल चैलेंज मुदावली एवं सुपर लीग पृथ्वीपुरा के बीच चल रहे क्रिकेट मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान नंदकिशोर शर्मा, बंटी शर्मा, पवन शर्मा, रामराज रावत, आशाराम शर्मा, हरीबाबू शर्मा, सतीश शर्मा, राहुल शर्मा, सौरभ शर्मा आदि उपस्थित थे।

# स्कूलों में गणवेश-साईकिल वितरण समयसीमा में किया जाए

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 9 नवंबर।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस में डीपीसी हरीश तिवारी ने सभी बीएसी एवं

**डीपीसी ने कैलारस बीआरसी दफ्तर में ली बैठक, अधीनस्थों को दिए निर्देश**

जनशिक्षकों की बैठक ली।



समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा की सभी विकासखंड एकेडमिक समन्वयक, जन शिक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्र के सभी स्कूलों में सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का निराकरण, पुस्तक वितरण, यू-डाइस, नामांकन, गणवेश वितरण आदि कार्य समय-सीमा में पूरा किया जाए। स्कूल समय पर खुले एवं बंद हों। प्रत्येक स्कूल में घंटी बजे, एवं प्रार्थना हो तथा कार्यालय स्टाफ शिक्षक-शिक्षिका ई-अटेंडेंस लगाएं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। बैठक में कैलारस बीआरसी मुकेश कुमार शर्मा, सबलगढ़ बीआरसी मानिक धाकड़, पहाड़गढ़ बीआरसी वीरेंद्र सिंह धाकड़, कैलारस बीएसी फखरुद्दीन खान, केशव शुक्ला सहित दोनों ब्लॉक के सभी बीएसी, सीएसी मौजूद रहे।

# बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मियों ने सांसद तोमर को दिया ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 नवंबर।** न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने रविवार को मुरैना-श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में ग्रामीण क्षेत्र में तैनात महिला एवं पुरुष कर्मचारियों को सार्थक एप्प की अनिवार्यता से मुक्त किए जाने और दीपावली के त्यौहार पर रोके गए वेतन का शीघ्र भुगतान कराए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि महिला एवं पुरुष कर्मचारियों को गांव-मजरों में जाकर सेवाएं देनी पड़ती है।

आवागमन में आने वाली परेशानियों के चलते सार्थक एप्प से उपस्थिति दर्ज कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए सार्थक एप्प की अनिवार्यता से मुक्ति दिलाई जाए।

## नाले में गिरने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**मुरैना, 9 नवंबर।** अंबाह कस्बे में मिढ़ैला रोड पर आवास नगर में रहने वाला सलीम 48 पुत्र वाहिद खान की 8 नवंबर को नाले में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है। सलीम की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, यह जांच का विषय बना हुआ है।

## एक नजर में

### गर्म दूध से झुलसे एक साल के बच्चे की मौत

**मुरैना, 9 नवंबर।** नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरपुरा में रहने वाले रवि सिंह लोधी का एक वर्षीय मासूम पुत्र एकांश लोधी विगत 18 अक्टूबर को गर्म दूध के गिरने से बुरी तरह झुलस गया था। उसे जेएएच ग्वालियर में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### बस की टक्कर से जख्मी अधेड़ की मौत, केस दर्ज

**मुरैना।** जौरा थाना क्षेत्र में विगत 5 अगस्त को यात्री बस क्रमांक-एमपी06-पी-1406 के चालक ने एमएस रोड पर कांता वेयर हाऊस के पास ग्याराम जाटव 50 पुत्र छोटेलाल जाटव निवासी ग्राम पचेखा कैलारस को टक्कर मार दी थी। जख्मी हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने आरोपी बस चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### रुनधान जागीर गांव में 2 नीलगायों की संदिग्ध मौत

**मुरैना/रामपुरकलां।** ग्राम रूनघान जागीर में शनिवार को अज्ञात लोगों ने दो नील गाय की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार हल्के रावत 46 पुत्र गनपति रावत के खेत में बीती रात 2 नीलगाय मृत अवस्था में मिलीं। खेत मालिक की शिकायत पर रामपुरकलां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों दीपक शर्माए महेश शर्मा को भी सूचना दी। वन विभाग के नीरज शर्मा ने बताया कि उन्हें अभी-अभी इस घटना की सूचना मिली है। मृत नीलगायों को ले जाने के लिए पिकअप वाहन भेज रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### वोटर लिस्ट एसआईआर में लापरवाही पर 4 को नोटिस

**मुरैना/जौरा।** विकासखंड की ग्राम पंचायत सांकरा में एसडीएम शुभम शर्मा ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां बीएलओ उपस्थित मिले। एसडीएम ने मौके पर मौजूद मतदाताओं व ग्रामीणों को भी समझाते हुए कहा कि जो गणना प्रपत्र आपको दिए जा रहे हैं, उनमें सही जानकारी भरकर ही जमा करें। इसके बाद एसडीएम शासकीय प्राथमिक विद्यालय दीपैरा, बलदेवपुर, कोट सिरथरा, खादरियापुरा भी पहुंचे। चुनाव गणना प्रपत्र के कार्य में लापरवाही के चलते नीलेश शर्मा, टीकाराम धाकड़, माधुरी सिकरवार, सुनीता शर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र भेजे गए है।

### अंबाह में वृद्ध ने पेड़ से फांसी लगाकर की खुदकुशी

**मुरैना/अंबाह।** कस्बा अंबाह की पुरानी बस्ती में शनिवार की रात को एक वृद्ध ने पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार अंबाह नगर की पुरानी बस्ती वार्ड 17 में रहने वाला नाहर सिंह सखवार 65 पुत्र धनीराम सखवार शराब का सेवन करने का आदी था। शनिवार की शाम करीब 8 बजे नाहर सिंह घर में किसी को बिना बताए निकल आया था। जिसके बाद देर रात तक नाहर सिंह घर नहीं पहुंचा। रविवार की सुबह पुत्र गंगाराम सखवार ने अपने पिता की तलाश शुरू की, तभी नाहर सिंह का शव तालाब के पास स्थित भूमिया मंदिर के पीछे एक पेड़ पर लटकता हुआ मिला। नाहर सिंह को फंदे से उतारकर अंबाह अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



# विकलांग बल की जिलास्तरीय बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 नवंबर।** विकलांग बल संगठन की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन 9 नवंबर को हुआ। इस बैठक में संगठन के उप प्रधान एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हेमंत सिंह कुशवाह मुख्य रूप से उपस्थित थे। अध्यक्षता मेहरबान सिंह यादव ने की। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श उपरांत रूपरेखा तैयार की गई। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी का विस्तार किए जाने को लेकर चर्चा भी की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष नागेन्द्र खरे, अवधेश कुशवाह, देवीसिंह, कालीचरण शर्मा, रजनीश दौनेरिया, रामखिलाड़ी कुशवाह, चंद्रकांत शर्मा आदि उपस्थित थे।

# गीता जयंती 1 दिसंबर को मनेगी, बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज
मुरैना/जौरा, 9 नवंबर। भगवान श्रीकृष्णा विश्व गीता प्रतिष्ठा नमः रामनुज कोट रामघाट उज्जैनी के तत्वावधान में गीता जयंती आगामी 1 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस मौके पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

गीता जयंती पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के सिलसिले में उज्जैन कार्यालय के पदाधिकारी रविवार को जौरा पहुंचें। उनके द्वारा स्थानीय सामाजिक पदाधिकारियों के साथ मिलकर ब्राह्मण धर्मशाला में गीता जयंती के आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कमलेश दुबे, सुरेश शर्मा, ललित पाराशर, प्रदीप पाराशर आदि उपस्थित थे।



# गंदी बस्तियों में सफाई कराने स्वयं सड़क पर उतरीं एसडीएम



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 9 नवम्बर।** सबलगढ़ नगर पालिका द्वारा नगर के वार्डो में

**पार्षद ने कलेक्टर को सफाई एवं अतिक्रमण हटाने दिया था आवेदन**

सफाई एवं अस्थाई अतिक्रमण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है इससे परेशान होकर आम जनता के साथ साथ जन प्रतिनिधियो ने भी अब कलेक्टर लोकेश कुमार जागिड़ से गुहार लगाना शुरू किया है ।

सी के चलते वार्ड नंबर 13 के पार्षद सतेंद्र टैंगर द्वारा जन सुनवाई में कलेक्टर को अपने वार्ड में सफाई एवं नालों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने हेतु आवेदन दिया था कलेक्टर द्वारा एस डी एम मेघा तिवारी को सफाई एवं अतिक्रमण हटाने को कहा गया जिस पर आज दोपहर को स्वयं एस डी एम मेघा तिवारी सी एम ओ सुरेश गोयल एवं पटवारी सफाई दारोगा अन्य सफाई कर्मचारियों को लेकर बेनीपुरा पहुंची और जे सी वी से सफाई कराकर बंद नालियों को खुलवाया जो गंदा मलवा निकला था उसको भी साथ ही ट्रैक्टरों से फिकवाया कुंज गली के नाले पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए शहर पटवारी राधा शर्मा से नाले का सीमांकन करने को कहा सीमांकन के बाद कुंज गली के नाले से अतिक्रमण हटाया जाएगा क्योंकि बेनीपुरा की कुंज गली से जो नाला निकलता है उसमें किले की पहाड़ी के साथ साथ बेनीपुरा का पानी आता है और एम एस रोड पर जाकर यह नाला निकलता है कुछ लोगों ने कुंज गली के नाले पर अतिक्रमण कर लिया है जिससे नालियों का गंदा पानी बाहर नहीं निकल पाता है और बेनीपुरा में जल भराव रहता है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को होगा

**मुरैना, 9 नवंबर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्रीमती संगीता मदान के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर 2025 को न्यायालय परिसर जिला मुख्यालय मुरैना एवं तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह, जौरा और सबलगढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दीवानी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण से संबंधित प्रकरण, बैंकों के प्रकरण, विद्युत प्रकरण एवं राजीनामा योग्य दाण्डिक लंबित प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों आदि का निराकरण किया जायेगा।

# 21 कुंडी हवन यज्ञ का आयोजन कर अखंड रामायण पाठ कराया

**पोरसा, 9 नवम्बर।** विश्व शांति तथा जनकल्याण एवं धर्म की रक्षा के लिए नागाजी धाम पोरसा के निवासी भक्त जनों ने सभी देवताओं के भांजे कहे जाने वाले बटेश्वर धाम में पंडित बृजेश शास्त्री पुरोहित जी के सानिध्य में 21 कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें धर्म रक्षा हितार्थ , जनकल्याण व विश्व शांति के लिए रजनी तोमर, रामाधार सिंह तोमर, आरती रवि तोमर, वंदना ऋषि तोमर ,अजय तोमर ,किशन तोमर ,मुन्नालाल शर्मा ,बाबा दशरथ दास, मुन्नी बाई, सुनीता गांगिल,कौशल किशोर गुप्ता, शंभू सिंह तोमर, विजय सेंगर ,डॉ रामनरेश सिंह तोमर ,विश्वनाथ गुप्ता ,जितेंद्र सिंह तोमर ,शिवनाथ सिंह तोमर, पूजा, विनीता, रानी ,राजू पवार, आशा सिंह ,अशोक गांगिल, आदि के द्वारा हवन में तथा संगीत में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया इसमें सभी भक्तों ने सहभागिता कर क्रमबद्ध तरीके से अखंड रामायण का पाठ किया उपरोक्त आयोजन सिर्फ जनकल्याण विश्व शांति तथा धर्म रक्षा के लिए किया गया।

